जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि/परीक्षा–2/गोप0/2012/861 दिनांक :28/03/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,

शासकीय महाविद्यालय,

मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया, एवं श्योपुर।

विषयः– 28 मार्च 2012 से प्रारंभ होने वाली स्नातक/स्नातकोत्तर मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल–2012 के सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते के गठन के बावत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि स्नातक/स्नातकोत्तर मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रेल–2012 दिनांक 28 मार्च 2012 से प्रारंभ हो रही हैं। आप अपने जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संचालन पर नियंत्रण एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु अधिकतम पाँच सदस्यीय स्थायी शिक्षक/क्रीड़ाधिकारी के उड़नदस्ता दल का गठन करें, जो प्रतिदिन सम्पन्न होने वाली परीक्षाओं पर लगातार निगरानी बनाये रखें। इस हेतु नियमानुसार वाहन किराये पर लेने के लिये भी अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही नियमानुसार सदस्यों को मानदेय का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया जावेगा। कृपया आप उड़नदस्ता दल गठित कर कार्य की प्रगति से सतत् अवगत कराकर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें। साथ ही उड़नदस्तों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों को प्रतिदिन विश्वविद्यालय की ई–मेल E-mail - jiwajiuniversity@yahoo.com पर एवं फैक्स क्रमांक 0751–2442787 पर प्रेषित करें।

भ व दी य,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर एवं चम्बल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
3. जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक, जिला मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया एवं श्योपुर।
4. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कंट्रोल रूम प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)